भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संगठन
रजि. क्रं. 01/01/01/40668/24

# प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल

| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|
| अश्विन कुमार सैनी | धर्मेन्द्र चौबे | शरदचन्द्र भण्डारी |
| Mob: 90092 17172 | Mob: 98262 86004 | Mob: 94259 82445 |

फ्लैट नंबर २०८, धेनु अपार्टमेंट, चिनार फॉर्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड़, बागमुगालिया भोपाल जिला भोपाल मध्यप्रदेश

क्रमांक/प्रां.पट.संघ/ 0039/2026 भोपाल, दिनांक 31/07/2026

-:: ज्ञापन ::-

प्रति,

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
   मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, भोपाल।
2. माननीय राजस्व मंत्री महोदय,
   मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, भोपाल।
3. प्रमुख सचिव महोदय,
   राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।

विषय :- पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों के शीघ्र निराकरण हेतु।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग की आधारशिला माने जाने वाले पटवारी संवर्ग की वेतन उन्नयन, कैडर रिव्यू, समयमान वेतनमान एवं पदोन्नति जैसी महत्वपूर्ण एवं न्यायोचित मांगें विगत कई वर्षों से लंबित हैं।

प्रदेश के पटवारियों ने भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन नामांतरण व्यवस्था, ऑनलाइन गिरदावरी, सार पोर्टल तथा वर्तमान में जियो-टैग गिरदावरी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर डिजिटल इंडिया अभियान को साकार करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रदेश के संपूर्ण हस्तलिखित भू-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण एवं ऑनलाइन उपलब्धता सुनिश्चित होने से किसानों एवं आम नागरिकों को राजस्व सेवाएँ सरल, पारदर्शी एवं सुलभ रूप से प्राप्त हो रही हैं। भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण के उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्यप्रदेश शासन को भारत सरकार द्वारा दो बार "डिजिटल इंडिया अवार्ड" से सम्मानित किया जा चुका है।

इतने महत्वपूर्ण योगदान एवं बढ़ती कार्य-जिम्मेदारियों के बावजूद पटवारी संवर्ग आज भी वेतन उन्नयन, पदोन्नति, समयमान वेतनमान एवं अन्य सेवा संबंधी न्यायोचित अधिकारों की प्रतीक्षा कर रहा है। यह स्थिति संवर्ग में स्वाभाविक निराशा एवं असंतोष का कारण बन रही है।

प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल प्रारंभ से ही वेतन उन्नयन, कैडर रिव्यू एवं पदोन्नति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निरंतर संवाद एवं सकारात्मक प्रयास करता रहा है। पदोन्नति के संबंध में वल्लभ भवन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा पटवारी से नायब तहसीलदार पद हेतु विभागीय परीक्षा आयोजित किए जाने की दिशा में भी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। निश्चित रूप से विभागीय परीक्षा से अनेक साथियों को लाभ मिलेगा, किंतु पटवारी संवर्ग की अधिकांश समस्याओं का स्थायी समाधान कैडर रिव्यू, वेतन उन्नयन एवं समयमान वेतनमान के माध्यम से ही संभव है।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ द्वारा दिनांक 03 अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल का आह्वान किया गया है। वर्ष 2023 के आंदोलन के उपरांत भी पटवारी संवर्ग की प्रमुख मांगें—वेतन उन्नयन, समयमान वेतनमान, कैडर

रिव्यू, पदोन्नति एवं अन्य सेवा संबंधी विषय अब तक लंबित हैं। इसलिए इस बार समस्त पटवारी संवर्ग की अपेक्षा है कि इन मांगों का स्थायी एवं सम्मानजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल का स्पष्ट मत है कि पटवारी हित किसी भी संगठन या व्यक्ति से सर्वोपरि है। इसी भावना के साथ प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल इस आंदोलन को अपना नैतिक समर्थन प्रदान करता है तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय राजस्व मंत्री महोदय से विनम्र अनुरोध करता है कि पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का शीघ्र निराकरण कर प्रदेश के हजारों पटवारियों को न्याय प्रदान करने की कृपा करें।

पटवारी संवर्ग की प्रमुख मांगें -

1. पटवारी संवर्ग का शीघ्र कैडर रिव्यू किया जाए।
2. पटवारी का वेतनमान/ग्रेड-पे ₹2800 के अनुरूप संशोधित किया जाए।
3. प्रथम एवं द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ समय-सीमा अनुसार प्रदान किया जाए।
4. पटवारी से राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार पद पर नियमित पदोन्नति सुनिश्चित की जाए।
5. विभागीय परीक्षा एवं पदोन्नति प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए।
6. पटवारियों को कार्य की प्रकृति के अनुरूप आवश्यक भत्ते एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ।
7. पटवारी संवर्ग की अन्य लंबित सेवा संबंधी विसंगतियों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि पटवारी संवर्ग के हित में उपरोक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने की कृपा करें, जिससे प्रदेश के हजारों पटवारी पूरी निष्ठा एवं उत्साह के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपना योगदान देते रहें।

**भवदीय,**
**(अश्विन सैनी)**
**प्रांताध्यक्ष**
**प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल**

पृ.क्र./प्रां.पट.संघ/ 0040/2026 भोपाल, दिनांक 31/07/2026

प्रतिलिपि :–

1. प्रांताध्यक्ष एवं महामंत्री, मध्य प्रदेश पटवारी संघ, भोपाल – सूचनार्थ।

**प्रांताध्यक्ष**
**प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल**